राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–213/2024

सरकार खेलकूद को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध–राज्यपाल

पटना, 16 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पृथक खेल विभाग का गठन कर खेलकूद को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। यह माननीय मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता का परिचायक है। बिहार सभी क्षेत्रों में आगे रहा है और यह राज्य खेल के क्षेत्र में भी पीछे नहीं रहेगा।

उन्होंने कहा कि बिहार की खेल संस्कृति इस राज्य की अत्यन्त समृद्ध संस्कृति के विभिन्न आयामों में से एक है। कला, संगीत, नाटक, शिक्षा आदि के साथ–साथ क्रीड़ा भी बिहार की संस्कृति का अंग है। उन्होंने खेल संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, 2024 का ध्वज फहराया तथा ट्रॉफी का अनावरण किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता के तहत बी०एन० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के बीच पुरूष वर्ग के प्रथम मैच तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा एवं पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ के बीच महिला वर्ग के प्रथम मैच का शुभारम्भ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने इन दोनो मैचों के सर्वश्रेष्ठ Defenders एवं Raiders को पुरस्कृत भी किया। राज्यपाल ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण भी किया।

उद्घाटन समारोह में पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गयी।

इस अवसर पर माननीय खेल मंत्री श्री सुरेन्द्र मेहता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के खिलाड़ीगण, निर्णायक मण्डल के सदस्यगण, इस प्रतियोगिता से आयोजन जुड़े महानुभावगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....